Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-03-2022 | अंक 172

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## रूस यूक्रेन युद्ध के भुक्तभोगी मेडिकल छात्रों को अब सताने लगी है भविष्य की चिंता, सांसद जयंत सिन्हा से मिल कराई शैक्षणिक समस्या से अवगत



सांसद जयंत सिन्हा से मिल अपनी समस्या से अवगत कराते यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

यूक्रेन से वापस आये सभी मेडिकल के छात्रों को और उनके अभिभावकों को अपने भविष्य की चिंता सता रही है।सारी जमा पूंजी ख़र्च करके मेडिकल की पढ़ाई के लिए यूक्रैन भेजा और अब रूस यूक्रेन युद्ध के कारण वापस लौटना पड़ा है।वापस लौट कर पढ़ाई पूरा करने की कोई उम्मीद नज़र नही आ रही है। लेकिन राहत की बात इस खबर से आ रही है कि तेलेंगाना और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियो ने स्वतः आगे आ कर यह घोषणा की है कि इन बच्चो के मेडिकल की अधूरी पढ़ाई अपने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में निरूशुल्क करवाएंगे।यह स्वागत योग्य कदम है और अपेक्षा यह भी है कि झारखंड सहित अन्य राज्य भी इस तरह की घोषणाएं कर सकती है। मानवीय आधार पर इस तरह का राज्य सरकारों की पहल यूक्रेन युद्ध त्रासदी के भुक्तभोगी छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए राहत की खबर बन सकती है।यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई करने गए बरही, हज़ारीबाग़ के छात्र सागर गुप्ता ने अपेम लाइव को बताया कि हमे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वैसे ही मानवीय घोषणा की उम्मीद है जैसा कि तेलेंगाना और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियो ने की है। विदित हो कि बरही के सागर गुप्ता एवं यूक्रेन से लौटे अन्य मेडिकल विद्यार्थी हज़ारीबाग़ सांसद जयंत सिन्हा से मिलकर अपानी समस्याओं से अवगत कराया है। सांसद ने भी आश्वासन दिया है कि इन विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण करने के लिए उचित फोरम में बात करेंगे।

## अवैध बालू के उत्खनन से बराकर नदी पर बना बैरिसाल पुल के अस्तित्व खतरे में, ग्रामीणों में आक्रोश

अवैध बालू के उत्खनन से बराकर नदी पर बना बैरिसाल पुल के अस्तित्व खतरे में, ग्रामीणों में आक्रोश

**अपेम लाइव : बरही**
**बिनोद पासवान**



अवैध उत्खन्न का विरोध करते स्थानीय ग्रामीण

बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारो पंचायत के बराकर नदी पर बना बैरिसाल पूल अवैध बालू उत्खन्न के कारण कभी भी धरासायी हो सकता है। ग्रामीणों की माने तो इस बाबत बरही के स्थानीय प्रशासन एवं खनन विभाग को कई बार सूचना दी गई है। लेकिन इस पर किसी तरह की कोई पहल नही की गई। जिसके कारण बालू उत्खन्न करने वाले तस्करों के मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे दिन दहाड़े बिना किसी लाइसेंस या लीज के ही बालू की तस्करी कर रहे है। सबसे बड़ी बात की बराकर नदी पर बना पूल के पिलर के नीचे से बालू निकाला जा रहा है। जिसके कारण पूल का फाउंडेशन एरिया भी ऊपर आ गया है। फाउंडेशन में लगाया गया सरिया भी बाहर दिखने लगा है। यदि इस पर तत्काल रोक नही लगाई गई तो कभी भी पीलर धरासायी हो सकता है और पूरा पूल ध्वस्त हो सकता है। पूल का अस्तित्व मिटते देख बैरिसाल के सैकड़ो ग्रामीण भंडारो पंचायत के मुखिया सह प्रधान सकलदेव यादव एव समाजसेवी बिनोद पासवान के नेतृत्व में पूल के पास पहुंचे और जमकर विरोध जताया। अवैध तस्करी करने आये तस्करों के खिलाफ भी जमकर विरोध किया। मुखिया सकलदेव यादव ने बताया कि बैरिसाल पूल पांच वर्ष पूर्व बना है। इस पूल के बन जाने से हज़ारीबाग़ एवं कोडरमा जिला वासियों को आवागमन में काफी सहूलियत होती है। यह पूल बरही प्रखंड, जय नगर, बरकट्ठा , चलकुसा सहित आधा दर्जन प्रखंडों को जोड़ता है। समाजसेवी बिनोद






पासवान ने कहा कि करोड़ो की लागत से बनी पूल के नीचे से जिस तरह उत्खनन किया जा रहा है, उससे पूल का अस्तित्व खतरे में है। बरही प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त, डीएमओ एवं बरही सीओ से अविलम्ब बालू की अवैध तस्करी एवं उत्खनन बंद करने की मांग की है। मांग करने वालो में मुंशी यादव, बद्री यादव, प्रयाग रविदास, बाजो साव, अक्ल ठाकुर, युगल ठाकुर, छत्रु रविदास, वार्ड सदस्य, महादेव रविदास, बा. बुलाल साव,नारायण यादव, बिनोद पासवान, कौलेश्वर साव, रामचन्द्र ठाकुर, राजू साव, किरण देवी, बीरेंद्र पासवान, प्रकाश पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल

कोनरा गिलान टोला में आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में महेंद्र रविदास (35) बेबी देवी ( 30) एवं कैलाश रविदास (20) शामिल है।। सभी को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ सभी का इलाज किया गया।

## विषपान से नाबालिग युवती की मौत

इट्खोरी प्रखंड अंतर्गत पकरिया की एक नाबालिग युवती ने विषपान कर लिया। उसकी स्थिति गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया।

APEM LIVE

## होली के जुलुश के दौरान मारपीट में युवक घायल, चार लोगों पर जानलेवा हमला के आरोप में प्रथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



घायल युवक रामनारायण साव

होली के अवसर पर निकाले गए जुलूस के दौरान छोटकी बरही के एक युवक रामनारायण साव को इसलिए मारपीट कर कुछ लोगों ने घायल कर दिया, क्योंकि उन्होंने एक विशेष समुदाय के धार्मिक स्थल पर रोक कर डीजे बजाने वालों को थोड़ा आगे बढ़ाने को कहा था। मारपीट में युवक के आंख में जोरदार प्रहार किया गया। जिसके कारण उसे आंख से फिलहाल कुछ दिखाई नही दे रहा है। घटना 19 मार्च शाम 5 बजे की है। घायल अवस्था मे उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत घायल रामनारायण साव ने बरही थाना में आवेदन देकर चार लोगों के खिलाफ प्रथ.मिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्रथ.मिकी में बिट्टू कुमार पिता भिखारी साव , श्यामदेव साव पिता पेमन साव, मुन्ना कुमार साव पिता श्यामदेव साव एवं मनोज साव पिता लखन साव को जानलेवा हमला करने एवम छिनतई करने के आरोप में नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्रथमिकी में सूचक ने बताया है कि 19 मार्च को शाम 5 बजे होली के जुलुश के दौरान देवी मंडप से छोटकी बरही मस्जिद के पास जैसे ही जुलुश आया। उपरोक्त नामजद आरोपियों ने जुलुश को रोककर डीजे बजाने लगे। मैंने उन्हें केवल आगे बढाने को कहा । इतना ही में उपरोक्त लोग मुझपर जानलेवा हमला कर दिए। मारपीट कर आंख में कड़ा से प्रहार किए। गला से एक चांदी का लॉकेट और 500 रुपये छीन लिया। पुलिस प्रथमिकी दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है।

# बरही में शांति एवं सौहार्द के साथ मनाई गई होली, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

छिटपुट घटनाओं के छोड़ बरही में शांति एवं सौहार्द के साथ होली मनाई गई। गुरुवार को होलिका दहन के साथ तीन दिनों तक चलने वाले होली महोत्सव का समापन शनिवार देर रात को हो गई। इस दौरान कई स्थानों पर गीत संगीत का कार्यक्रम किया गया। बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं होली के रंग में सरोबोर दिखे। लोग एक दूसरे को रंग गुलाल को लगाकर एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। संवेदनशील एवं अति संवे. दनशील क्षेत्रो में प्रशासन की कड़ी चौकसी देखी गई। एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो , इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज सिंह लगातार गस्त लगाते रहे। दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। भाजपा नेता किशुन यादव, न्यू रेलवे क०लोनी वीर कुंवर सिंह पथ क्षत्रिय धर्मशाला , रसोइया धमना बजरंगबली मंदिर, प्रखंड परिसर, लस्करी, देवचन्दा, गौरियकर्मा दुलार यादव के आवास सहित दर्जनों स्थानों पर होली महोत्सव का आयोजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, भाजपा नेत्री साबी देवी, अरुण कुमार साहू, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, सद्भावना अध्यक्ष राजसिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, युवा नेता किशुन यादव, रितेश गुप्ता, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, अब्दुल मनान वारसी , सोनू पंडित, राजेन्द्र कुशवाहा, मुखिया सकलदेव यादव, दसरथ यादव आदि ने होली की शुभकामनाएं दी है।



होली खेलते लोग

# होली धूमधाम से मनाया गया विधायक ने क्षेत्रवासियों को दी बधाई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा एवं चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों तक चलने वाला त्यौहार होली शनिवार को समापन हो गया रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से सद्भाव के माहौल में धूमधाम के साथ मनाई गई. होली को लेकर बरकट्ठा में युवाओं की टोली ने गाजे बाजे ढोल मंजीरे के साथ नाचते गाते जोगीरा गाते हुए होली मनाई. लोगों ने एक दुसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर अपनी खुशियों का इजहार करते हुए होली में जमकर धमाल मचाया. स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव, पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी, जीप सदस्य सदस्य मीना देवी, जीप सदस्य कुमकुम देवी,केदार साव, मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, समाजसेवी दर्शन सोनी, दिलीप दास, संजय गुप्ता, दुर्गानन्द झा, सांसद प्रतिनिधि सुशील पांडेय, इंद्रजीत प्रसाद, भाजपा नेता टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद दिनेश्वर मंडल दिलीप कुमार, संजय यादव,मो खलील अंसारी ने लोगों को होली की शुभक. ामनाएं दी है व कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का पैगाम लेकर आती है. होली पर्व को लेकर बरकट्ठा के कई स्थानों पर होली मिलन सामारोह का आयोजन किया गया.

# शिक्षक को पितृ शोक, जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विजैया के सहायक शिक्षक केदार प्रसाद के 86 वर्षीय पिता वैद्य अमृत महतो का निधन हो गया। निधन के समाचार फैलते ही उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी।जन प्रति. निधि गण भी उनके निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अंतिम दर्शन करने पहुंचे जीप प्रतिनिधि मो कय्यूम ने बताया कि अमृत महतो वैद्य थे। जड़ी बूटी से लोगों का इलाके करते थे। कई लोग उनके द्वारा दी गई जड़ी बूटी से ठीक भी चुके हैं। वे जीवन पर्यंत लोगों को अपनी प्राचीन इलाज के प्रति जागरूक करते रहे। शोक संवेदना प्रकट करने हेतु बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो0 कैयूम ,मुखिया दसरथ यादव, उप मुखिया सहदेव शर्मा ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, समाज सेवी रघु मोदी , सुरेश कुशवाहा , रंजीत प्रसाद, संजय यादव विजय यादव, केदार यादव , मे. गलाल महतो , दसरथ महतो , दिनेश पासवान, सीता राम प्रसाद, सुनील कुमार, छत्रु महतो यागल महतो महेश रविदास शामिल थे।




शोक संवेदना प्रकट करते जन प्रतिनिधि

# बरहीडीह में शतचंडी महायज्ञ व बजरंगबली प्रतिमा स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं ने की बैठक

## यज्ञ आयोजन कमेटी का गठन, नागेश्वर केशरी अध्यक्ष, सचिव बने देवधारी प्रजापति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शतचंडी महायज्ञ को लेकर बरही डीह देवी मंडप में श्रद्धालुओं की बैठक हुई। अध्यक्षता समाजसेवी नागेश्वर प्रसाद केशरी एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में नौ दिवसीय शत. चंडी महायज्ञ सह बजरंग. बली प्रतिमा स्थापना की सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि आगामी 2 अप्रैल से 11 अप्रैल तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होगा। 27 मार्च को ध्वजारोहण होगा। वाराणसी से बजरंगबली की प्रतिमा मंगाई जाएगी। प्रतिमा का पूरा खर्च तीन लोगों ने उठाया है। इनमे व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने 15000 रुपये, सुधीर मालाकार 10000 रुपये एवं प्रजापति समाज के संरक्षक देवधारी प्रजापति ने 5000 रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की है। महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर महायज्ञ आयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें नागेश्वर केशरी को अध्यक्ष, देवधारी प्रजापति को सचिव, एवं राजू राणा को कोषध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावे मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, कैलाश पति सिंह, राजकुमार केशरी एवं मनोज कुमार पासवान को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मुख्य यज्ञाचार्य का कार्य संचालन की जिम्मेवारी रामचंद्र पांडेय एवं उपेंद्र पांडेय को दी गई है। उनके साथ महेंद्र पांडेय, कामेश्वर पांडेय, परमानंद पांडेय, रा. जेन्द्र पांडेय,रामलखन पांडेय सहित बरही डीह के विद्वतजन सहयोग करेंगे। बैठक में अशोक सिंह, अमित सिंह, कृष्णा पांडेय, कृपाल राणा, सुबोध पांडेय, नकुल राणा, मकुंदी राणा, राजवंशी सिंह, प्रमोद सिंह, पप्पू पांडेय, सुधीर मालाकार, अविनाश सिंह, पिंटू ठाकुर, लोकेश ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह, दिनू प्रजापति, विकास सिंह, गौतम पांडेय, भरत राणा, शंकर भुइयां, बद्री साव, भुनेश्वर साव, मुकेश राम, मुकेश सिंह, संजय पांडेय, सुरेश राणा, दीपू सिंह एवं बब्लू पांडेय मुख्य रूप से मौजूद थे।

# चलकुशा प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ होली संपन्न

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड के विभिन्न गांव में रंगोत्सव का महापर्व होली हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से विभिन्न गांव चल. कुशा, बरियौन, मानगो,सुदन,कटघारा, अलगडीहा, चौबे, खरगू,पलमा,गोपीडीह, मस. केडीह, सेवाटांड,नरैना, दिग. वार,में बच्चे बूढ़े एवं नौजवानों महिलाओं ने एक– दूसरे को गुलाल रंग –अबीर लगाकर गले मिले और एक दूसरे को बधाई दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिक. ारी शशिकांत सिंकर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह होली महापर्व को लेकर विभिन्न गांव का भरमन करते नजर आए और लोगों से अपील किया की शांति एवं हर्षोल्लास के साथ होली मनाएं। मौके पर भोला सिंह गोस्टु सिंह, बसंत सिंह ,मनोज सिंह,नकुल सिंह, बैकुंठ सिंह ,सुनील सिंह, नारायण सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,नागेश्वर साव, जागेश्वर साव,महेश कुमार, पिंटू कुमार, पवन कुमार, बापी कुमार, र०यल कुमार, नितेंद्र कुमार, ढालो साव, त्रिवेणी साव , हैप्पी कुमार सागर कुमार एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



APEM
LIVE

# RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

UID NO. 20040117202 (A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


## ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



# PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस




फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारु एवं ईमानदार

उम्मीदवार

# कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!



सोच हमारी विकास आपका

कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली की बारी है

# कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# नौनिहालों के सुरक्षा से खिलवाड़, आगनबाड़ी के बगल में कुवाँ, खतरे को दे रहा आमंत्रण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**



प्रखण्ड में संचालित आग. नबाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों के साथ साथ किशोर युवतियों, गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति किया जाता है। आंग. नबाड़ी छोटे बच्चों के पोषण स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी जागरूकता फैलाने का केंद्र है। आंगनवाड़ी विशेष रूप से निर्धन व निम्न आय वर्ग के परिवार के बच्चों के विकास और उनके स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । कोरोना काल के बाद खुले आगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों का आना शुरू हो गया है। बच्चो की सम्पूर्ण देखभाल के लिए एक सेविका व एक सहायिका कार्यरत होते है। बसरिया में संचालित एक ऐसा आगनबाड़ी केन्द्र है जहां बच्चो के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकता है। जी हां हम बात कर रहे है। शनिवार बाजार स्थित आगनबाड़ी केंद्र का जिसके बगल में एक बड़ा सा खुला कुवाँ है जिससे होकर बच्चों का आना जाना लगा रहता है। अभिभावकों को डर है कही हमारे बच्चों के साथ कोई घटना ने घटित हो जाये। इस बाबत स्थानीय लोगों ने स्थानीय मुखिया नरेश पासवान से कुवाँ को ढकने व मरम्मती के लिए आवेदन भी दिया बावजूद कोई हल नही निकल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त कुवाँ में डूबने से एक व्यक्ति की मौत भी हो गया है और बीते कुछ दिनों से इसमे जानवर भी गिरकर मर चुका है। आगनबाड़ी के सटे इस कुवाँ को जल्द ढका नही गया और मरम्मती नही किया गया तो कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकता है।












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी के घर पर मनी होली

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन
आदित्य पांडेय**



आज शुक्रवार देर शाम को गिरिडीह के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहबादी के आवास पर होली खेलने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिले भर के नामी गिरामी बीजेपी नेता शामिल हुए। सभी को निर्भय शाहबादी ने अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में अभय शाहबादी ने भी सभी आगंतुकों को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। खाने की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। आज के इस होली खेलन कार्यक्रम में अमित मिश्रा सुभाष सिन्हा, साधो ठाकुर, राजेश शर्मा, नरेंद्र सिंह, प्रकाश दास, चांदो यादव, दीपक स्वर्णकार, सुरेश मंडल, हरमिंदर सिंह बग्गा, संदीप डंगइच सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। सबों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले और बधाई दी। पूरे गिरिडीह में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। कही से भी किसी तरह की कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली।

## अगलगी की घटना में लाखों का हुआ नुकसान, भाकपा माले नेता ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग।

**अपेम लाइवः गिरिडिह
रोहित कुमार**




बीती रात करीब 10 :30 बजे स्टेशन रोड स्थित फैंसी मार्केट की कई दुकानों में शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लगने की हुई घटना में लाखों का नुकसान हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों सहित वहां पहुंची प्रशासन तथा दमकल की टीम की मदद से आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन इस बीच कई दुकानदारों का सबकुछ उजड़ गया। मौके पर भाकपा माले के नगर संयोजक नौशाद अहमद चांद एवं अन्य ने पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा जिला प्रशासन से अविलंब इस घटना में हुए नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की। माले नेता ने बताया कि, अगलगी की इस घटना में 4 दुकान एवं 3 ठेला बुरी तरह चपेट में आ गए, जिससे मो0 सरफराजुद्दीन, मो0 मेराजुद्दीन, मो0 सहजादुद्दीन, मो0 इरशादुद्दीन, मो0 फैयाजुद्दीन, मो0 शियाजुद्दीन, मो0 आफताब आलम, मो0 मुजफ्फर आलम आदि को हुई भारी क्षति से आर्थिक रूप से उनकी कमर ही टूट गई है एवं कुछ के सामने तो तत्काल ही जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव, जिला परिषद सदस्य मनोहर हसन बंटी तथा राजेश कुमार सिन्हा ने भी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

## गिरिडीह में दो बच्चों संग कुएं में कूदी महिला, बच्चों की मौत

**अपेम लाइवः गिरिडिह
रोहित कुमार**



गिरीडीह : जिला के देवरी थाना क्षेत्र में पचीस वर्षीय महिला अपने दो बच्चों को साथ लेकर कुएं में कूद गई. इस घटना में महिला को मामूली चोट आयी है लेकिन उसके दोनों बच्चों की मौत हो गयी. सूचना पाकर पुलिस ने बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच में जुट गई.

गंभीरघटना देवरी थाना क्षेत्र के देवरी गांव की है. इस हादसे के पीछे की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक देवरी गांव निवासी प्रमोद यादव की पत्नी ममता देवी अपने दो साल के बेटे चीकू कुमार और पांच साल की बेटी सुहानी कुमारी को साथ लेकर घर से बाहर निकली और बच्चों के साथ आत्महत्या करने की नीयत से सिंचाई कूप में छलांग लगा दी.महिला के बच्चों को साथ लेकर घर से निकलने की जानकारी होते ही परिजन खोजबीन करने घर से निकले. खोजबीन के दौरान पता चला कि ममता देवी बच्चों को साथ लेकर खेत में बने सिंचाई कूप में कूद गयी है. जिसके बाद गांव के लोगों ने मिलकर महिला और उसके बच्चों को बाहर निकाला. उसके बाद उन्हें देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां पर चिकित्सक ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर एसआई अजय सोय के नेतृत्व में देवरी पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली. इसके बाद पुलिस ने दोनो बच्चों की शव को जब्त कर लिया. फिर, पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया.

## शब ए बारात मनाई जा रही है बड़े ही शिदत से

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन
आदित्य पांडेय**





शुक्रवार सूर्यास्त के बाद पूरे गिरिडीह जिला में शुरु हुई तीन दिनों तक चलने वाली शब ए बारात। शब ए बारात की इस्लाम में काफी अहमियत है इस रात में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा इबादत की जाती है दुआएं की जाती है अपने गुनाहों के लिए तौबा की जाती है। शब ए बारात में मुस्लिम समुदाय के लोग रात भर इबादत करते हैं। शब ए बारात मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक शब ए बारात शाबान महिने की 15वीं तारीख की रात को मनाई जाती है जो इस वर्ष की 18मार्च2022 की सूर्यास्त से शुरू होकर 20मार्च 2022को समाप्त होगी। शब ए बारात इस्लामिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होती है शब ए बारात में मुस्लिम समुदाय के लोग रात भर जागकर इबादत करते हैं और अल्लाह से अपने गुनाह की माफी मांगते हैं। शब ए बारात मुस्लिम समुदाय के लिए इबादत फजीलत रहमत और मगफिरत की रात मानी जाती है शब ए बारात का अर्थ है शब यानी रात और बारात का मतलब होता है बरी होना। शब ए बारात के दिन इस दुनियां को छोड़कर जा चुके लोगों की कब्रों पर उनके प्रियजनों द्वारा रोशनी की जाती है और दुआ मांगी जाती है। शबे बारात के दिन अल्लाह से सच्चे मन से अपने गुनाहों की माफी मांगने से जन्नत में जगह मिलती है। मुस्लिम समुदाय के लोग शब ए बारात के अगले दिन रोजा रखते हैं। यह रोजा फर्ज नही है बल्कि नफिल रोजा कहा जाता है यानी रमजान की तरह ए रोजा जरूरी नही होता है।कोई ए रोजा रखे तो इसका पुण्य तो मिलता है लेकिन ना रखे तो इसका गुनाह नही होता। हालांकि मुसलमानों में कुछ का मत है कि शब ए बारात पर एक नही बल्कि दो रोजे रखने चाहिए। पहला शब ए बारात के दिन और दूसरा अगले दिन। इस्लाम की चार खाश रातों में से होती है एक शब ए बारात जिनके नाम हैं आशूरा, शब ए मेराज, शब ए बारात और शब ए कद्र। इन चार रातों के दौरान अल्लाह की इबादत को काफी अहम माना जाता है। कहा ए भी जाता है कि इन रातों में एक वक्त ऐसा आता है जब मांगी गई दुआ जरुर पूरी होती है। मुस्लिम समुदाय के लोग शब ए बारात के दिन अपने घरों को सजाते हैं। घरों में इस दिन पकवान आदि बनाएं जाते हैं। और गरीबों में भी बांटे जाते हैं। गिरिडीह के हरेक मस्जिदों को सजाया गया है। कब्रिस्तानों में रोशनी की व्यवस्था की गई थी ताकि लोग दुआ कर सके। मस्जिदों में नमाज अदा किया गया। बड़े ही शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में शब ए बारात मनाई जा रही है। कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली है। गिरिडीह के भंडारीडीह स्थित ष्खानकाहष हुजूर सैयदना गौस अली शाह बाबा सैफुअल्लाह, मैसूरी रहमतुल्लाह अबैह मेन रोड भंडारीडीह में शब ए बारात को बड़े ही शिद्दत से मनाई जा रही थी। हैदर अली सहरवर्दी ने शब ए बारात के बारे में जानकारी दी साथ में मुबारक हुसैन सहरवर्दी, असगर हुसैन सहरवर्दी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## सेवानिवृत इंजीनियर सह बीजेपी नेता विनय कुमार सिंह के आवास पर होली खेलो कार्यक्रम

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन
आदित्य पांडेय**




आज शनिवार को सुबह गिरिडीह के मोहनपुर के शिवपुरी में सेवानिर्वित इंजीनियर सह बीजेपी नेता विनय कुमार सिंह ने अपने आवास पर होली खेलो गले मिलो कार्यक्रम आयोजित किया। शिवपुरी के सभी लोगों ने हिस्सा लिया। नामी गिरामी लोग भी शामिल हुए इस कार्यक्रम में। कई पत्रकारों ने भी शिरकत की। जमकर उड़े अबीर गुलाल और रंग। सभी आगंतुकों को अबीर गुलाल लगाकर विनय कुमार सिंह गले मिले और होली की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। सभी आगंतुकों को भोजन भी कावाया गया। लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले और बधाई दी। विनय कुमार सिंह ने कहा कि लोगों की सेवा सत्कार करना मेरा पसंदीदा कार्यो में से एक है। मैं हमेशा लोगों के बीच रहता हूं और दुख की घड़ी में हमेशा खड़ा रहता हूं। मेरा मुख्य उद्देश्य हमेशा से रहा है लोगों का सेवा सत्कार करना और आगे भी जारी रहेगा। कोई भी पीड़ित या परेशान मेरे पास आता है तो मैं उसका यथासंभव मदद करता हूं। आज के इस कार्यक्रम में बासुदेव राम, समीर राज चौधरी, जागेश्वर महथा, रामनिवास पाठक सहित सैकड़ों लोगों ने होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## टाटो में होली मिलन समारोह सह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के अंतर्गत ग्राम टाटो में शानिवार को होली मिलन समारोह सह क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन इस क्रिकेट का ग्राम समिति कोषाध्यक्ष रा. जेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर वा बरमसिया पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार विष्णुदेव वर्मा ने सोट लगाकर उद्घाटन किया बतादे की होली मिलान समोराह सह क्रिकेट टूर्नामेंट स्पोर्ट क्लब ,टाटो के द्वरा किया गया साथ ही ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की कम किया स्पोर्ट क्लब ,टाटो क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आयोजनकर्ता अध्यक्ष सीताराम वर्मा सचिव – प्रेम कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष– टेकलाल वर्मा व्यवस्थापक– वीरेंद्र वर्मा एंपायर– 1. रोहित कुमार 2. दामोदर वर्मा कौंमेंटेटर– 1. संजय क ु म ा र 2. प्रेम कुमार वर्मा3. टे. कलाल वर्मा4. अनिल वर्मा5. बिरजु वर्मा इन सबो ने क्रिकेट टूर्नामेंट में यहाम भूमिका निभाया फाइनल मुकाबला आज खेला गया जिसमे टीम ए ने ट०स जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जो बलेबाजी करते टीम ऐ का स्कोर 132 पे 3विकेट तक पहुचा वही टीम बी के बलेबाजी करते हुवे स्कोर 104 पे 10 विकेट पर सलट गया है वही टीम ए ने जीतकर सीरीज को अपने कब्जे में कर लिया बतादे की दोनों टीम बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया विजेता टीम ग्राम कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गोल्डमेडल दे कर समानित किया गया वही दूसरे टीम को बरमसिया पंचायत के भावी मुखिया उमीदवार विष्णुदेव वर्मा ने सिल्वर मेडल दे कर समानित किया गया साथ ही मेन अ०फ मैच पप्पू वर्मा रघुवीर वर्मा बिर. ेन्द्र वर्मा को दिया गया मैन अ०फ दा सीरीज अनिल वर्मा को दिया गया मैक्सिमम 4 पिंकू वर्मा मैक्सिमम सिक्स अनिल वर्मा मैक्सिमम कैच संतोष वर्मा अम्पायर रोहित वर्मा वा दामोदर वर्मा को मेडल दे कर समानित किया गया टीम ऐ खिलाड़ी सीताराम कप्तान प्रेम उपकप्तान अनिल पप्पू बिरेन्द्र आनद मुंशी दिनेश पंकज संतोष ब०बी महेश टीम बी संजय कप्तान टेकलाल उपकप्तान बिक्की पिंकू रामजी शिवम अजय शिवपूजन पप्पू बिरजू अमित रघुवीर राजेश पिन्टू समस्त वर्मा खिलाड़ी के उत्साह बढ़ाने में सदानंद वर्मा प्रदीप वर्मा मंटू राय सोनू राय मीतू महतो पिंटू वर्मा राजू वर्मा महेन्द्र वर्मा मुकेश वर्मा हेमलाल वर्मा राजेश वर्मा ब्रमदेव महतो सत्यदेव वर्मा कारमेन महतो पंकज वर्मा प्रमोद वर्मा राजू प्रसाद देवचंद प्रसाद सुरेन्द्र वर्मा जितेंद्र वर्मा पप्पू राय बिक्रम वर्मा संजय वर्मा पिन्टू वर्मा सुधीर वर्मा उप. स्थित रहे है।

## करेंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित पि. ंडाटांड़ पंचायत के मधैया टोला निवासी झरी महतो का बड़ा पुत्र लगभग26वर्षीय विकास कुमार वर्मा का शनिवार रात करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई । मृतक युवक के चचेरे भाई रामदेव (संतोष) ने बताया की विकास अपने घर पर स्टैंड फेन को चालू करने के लिए जैसे ही स०केट में प्लग को डाला तभी प्लग के अंदर से चिंगारी टाइप की निकली और विकास का हांथ पकड़ लिया। जब तक स्विच अ०फ किया गया तब तक प्राण पखेरू उड़ चुका था शायद क्योंकि शरीर में कोई हलचल शेष नजर नहीं आ रही थी। आनन फानन में सदर अस्पताल गिरिडीह इलाज हेतु ले जाया गया जहां जांचोपरांत चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गया। घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था विकास। घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर पचंबा थाना पुलिस जांच पड़ताल के लिए घटना स्थल पर रात में ही पहुंची साथ ही पिंडाटांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि लखन वर्मा भी पहुंचा और शोक संवेदना जाहिर किया । घटना की सूचना पाकर पिंडाटांड़ पंचायत समिति सदस्य जगदीश महतो, मगहिया टोला वार्ड सदस्य प्रतिनिधि छठु महतो, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधी महेंद्र कुमार वर्मा, समा. जसेवी सह कोडरमा लोक सभा सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रसाद वर्मा, समाजसेवी सह जेएमएम कार्यकर्ता सुरेश वर्मा उर्फ बीजू वर्मा सहित गांव के सैंकड़ों महिला पुरुष बच्चें घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक के परिवार वालों को ढाढस बंधाया। मृतक विकास की दो बेटियां उम्र लगाभग पांच साल और तीन साल की है तथा बेटा एक साल का है। मृतक विकास का एक और छोटा भाई है जो अभी विद्यार्थी जीवन जी रहा है। घर की स्थिति पूरी तरह से दयनीय है ऐसे में अगर जिला प्रशासन से सहयोग नही मिला तो ए परिवार बिखर जायेगा जिला प्रशासन मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा राशि देने का कार्य करें मृतक की पत्नी को पेंशन योजना का लाभ दे साथ ही पीएम आवास योजना अन्तर्गत आवास दे ताकि शोक संतप्त परिवार पर टूटे दुःख का पहाड़ कुछ कम हो सके।

## होली में भी अंबेदकर चौक पर धरना जारी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**






पिछलेकईदिनो सेअंबेडकर चौक पर किसान महीला पुरुष जमीन से संबंधित लंबित वैसे मामले जिसमे रिश्वत की मांग करने और रिश्वत लेकर भी काम नही करने को लेकर उचित कार्यवाही के लिए किसान मंच के लोग धरने पर बैठे हैं। आज तक कोई भी अधिकारी इन किसानों की सुध लेने तक नहीं आया है। भाकपा माले नेता रा. जेश यादव और राजेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से धरने का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि जिले भर के किसानों ने लगभग 700 आवेदन लेखागार में दिए है,रजिस्टर्ड 2 का नकल के लिए,घुस तो सरकारी विभाग में हावी है, कौन नहीं जानता ?किन्हीं की भी सरकार हो, छोटे तबके के लोगों को भी चढ़ावा देना होता है यह परंपरा है,किसी भी सरकार में चलता रहता है पिछले क्ब महोदय राहुल कुमार सिन्हा से हमने इस विषय में कई राउंड बात की थी,घंटो बैठ कर प्लान और तैयारी काम का कैसे हो बात की थी किसान मंच के अवधेश जी और अजित जी दोनो की घंटों उस समय के क्ब महोदय के सामने बैठाकर चर्चा की थी। वार्ता का असर ऐसा हुआ कि 700 आवेदन में 300 का निष्पादन तत्कालीन क्ब महोदय ने कर दिया था लेकिन जैसे ही क्ब महोदय का ट्रांसफर हुआ,फिर से बचे हुए 400 आवेदन के लिए किसानों से घुस मांगने की परंपरा हावी हो ग इ । अभी होली जैसा दिन में अम्बेदर चौक पर धरने में सब बैठे है,माले साथ है,जनप्रातिनिधि और प्रशासन से निवेदन है कि तत्काल कुछ ठोस कार्य सोचे जब मैं और मेरी पार्टी भाकपा माले 300 आवेदन का निष्पादन कर सकता है तो आपके चाहने से तुरंत संभव है। इस कार्य में श्रडड के जिला अध्यक्ष संजय सिंह भी जमकर साथ दिए है लेकिन अब फिर से कार्य रुक गया है,सरकार आपकी है तो निश्चित आपका पकड़ घूसखोरों पर होना अनिवार्य है। 2–4 दिन देखने के बाद भाकपा माले की टीम उस घूसखोर को पकड़कर धरना स्थल ले आने वालीं है फिर से 2–4 मुकदमा हो भी जाए जनता के लिए तो भाकपा माले को कोई फर्क नहीं पड़ता हमने देखा है कि कुछ प्रशासन के लोग और कुछ सामाजिक,रा. जनीति लोग किसान आंदोलन के अगुआ साथी को बदनाम भी करते है,भाई साहब इनके साथ जो लोग है उनका आवेदन तो वास्तविकता से भरे है न दे दीजिए हवाबाजी क्यों करते है,होली जैसे दिन में गरीब किसान खुली छत के निचे है,शर्म आनी चाहिए जिला प्रशासन को।

## गांवा प्रखंड के सभी गांवों में धूमधाम व शांति पूर्ण तरीके से होली हुआ सम्पन्न

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में रंगो का त्यौहार होली काफी ध.ूमधाम व शांति पूर्ण तरीके से मनाई गई। कई गांव में होलिका दहन की गई और लोग होली को लेकर लोग शनिवार सुबह से ही तैयारी में जुट गए थे। हालांकि प्रखण्ड के कुछ पंचायतों में रविवार को भी होली की धूम देखने को मिला। सभी के घरों में स्वादिष्ट पकवान के साथ भोजन बनाया गया और लोगों ने जमकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।ि. हंदू पंचांग के अनुसार यह नए वर्ष का आगमन पर लोगों ने खूब अबीर गुलाल लगाएं , लोग एक दूसरे के गिले–शिकवे दूर करते हुए एक दूसरे को गले लगा कर होली की शुभक. ामनाएं दिए।

पुलिश प्रशाशन रहे चौकन्ने प्रखण्ड में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस प्रशाशन चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग करते नजर आए। मुख्य रूप से थाना प्रभारी पिंटू कुमार समेत कई जवान उपस्थित थे

## पचंबा हटिया रोड पर अतिक्रमण से लोगों को हो रही परेशानी

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



गिरिडीह की उपनगरी के नाम से मशहूर पचंबा के वार्ड नंबर तीन में स्थित हटिया रोड अतिक्रमण का भेंट चढ़ गया है। प्रत्येक रविवार को पचंबा में हटिया इसी रोड पर लगता है। रा. ेजाना आस पास के किसानो द्वारा साग सब्जी बेचने का एकमात्र स्थान इसी रोड पर है लेकिन दोनो तरफ़ से स्थाई दुक. ानदारों द्वारा अपने दुकान का सामान चौकी लगाकर रोड पर पसारने से लोगों को रोजाना आवाजाही में खासे परेशानी होती है। अगर कोई राहगीर या ग्राहक अगर रोड पर अतिक्रमण किए दुकानदारों को आने जानें में हो रही परेशानी को लेकर बात करता है तो स्थानीय दुक. ानदार तरह तरह की धमकी देता है आंख दिखाता है और कहता है कि तुम्हारे बाप का रोड है क्या, मैने सरकार के रोड पर दुकान लगाया है। स्थानीय दुकानदारों द्वारा रोड अतिक्रमण करने से आस पास के क्षेत्रों के किसानों को अपनी उपज फसल बेचने में बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिला प्रशासन या तो पचंबा हटिया रोड अतिक्रमण मुक्त कराए या फिर कोई स्थान चिन्हित करे ताकि किसान अपने उपज (साग सब्जी वगैरह) बेच सके।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार
सहयोगी: सोनू पंडित
एडिटर: सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अनुमंडल प्रेस क्लब ने दिया थाने में आवेदन

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**





बिरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमराढाब पंचायत भवन में अनुमंडल पत्रकार संघ का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार सकलदेव पंडित तथा संचालन हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार शेखर सुमन ने किया । बैठक में पिछले दिनों भा. जपा के मीडिया प्रभारी रंजीत राय तथा नारायण पाण्डेय के दौरान रंजीत राय द्वारा पत्रकार धीरज शर्मा को गोली मारने की बात की गई। जिससे पत्रकार महकमे में भय व्याप्त है। जिसको लेकर अनुमंडल पत्रकार संघ द्वारा बैठक कर मामले को लेकर उचित कानूनी कार्यवाही करवाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान अनुमंडल पत्रकार संघ के सचिव शेखर सुमन ने कहा कि एक तरफ भाजपा पार्टी सबका साथ , सबका विकास,तथा सबका विश्वास की बात करता है। दूसरी तरफ उसका मीडिया प्रभारी द्वारा खुले आम रंगदारी मांगने तथा गोली मारने की धमकी दी जा रही है। बावजूद इसके पार्टी द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जो चिंता का विषय है। सभा की अध्यक्षता कर रहे सकलदेव पंडित ने कहा कि किसी भी पार्टी के मीडिया प्रभारी का पार्टी के हर क्रियाकलापों में अहम भ. ूमिका होती है। यदि उसके द्वारा इस तरह का आपरा. धिक घटना को अंजाम देने की बातें की जाती है जो घोर निंदनीय है। यदि पार्टी इस पर उचित करवाई करते हुए उसे पार्टी से निष्कासित नहीं करती है तो पत्रकार संघ आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में सर्व सम्मति से मामले को लेकर बिरनी थाना में मामले की जांच कर कानूनी उचित करवाई की मांग की गई। आवेदन की माध्यम से अनुमंडल पत्रकार संघ ने 4 दिनों के अंदर अगर कोई उचित पहल नहीं किया गया तो अनुमंडल पत्रकार संघ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेगी। इसमें यदि क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होती है तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगी। इधर बिरनी थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह ने आवेदन लेकर मामले की जांच कर जल्द ही कानूनी प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई। भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष रा. जदेव साव ने कहा कि मीडिया प्रभारी द्वारा गोली मारने की धमकी देना निंदनीय है जिसे सार्वज. निक रूप से माफी मांगना चाहिये। यदि इस संदर्भ में थाने में कोई आवेदन दिया गया हो तो मामला फिर कानून के हाथ है। उनके द्वारा ही उचित करवाई करना चाहिये। इस बैठक में अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय, सरिया दैनिक भास्कर के पत्रकार परमानंद बर्णवाल सरिया के वरिष्ठ पत्रकार राजेश पाण्डेय, देवाशीष बादल, धीरज शर्मा, टिंकू राय, गौतम सिंह, कृष्णा वर्मा, सब्बा अहमद, उमेश कुमार समेत दर्जनों पत्रकार उप. स्थित थे।

## 1932 खतियान व झारखंडी भाषा लागू कराने की मांग को लेकर निकाला गया पदयात्रा।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




पद यात्रा में शामिल लोग

1932 खतियानी व स्थानीय भाषा की मांग को लेकर बड़कागाँव में झारखण्डी भाषा संघर्ष समिति बड़कागाँव के के द्वारा पद निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ मि. थलेश कुमार ने किया । पदयात्रा अमेरीकन क०लेज से होते हूवे विधायक मु. हल्ला ,सूर्य मंदिर से मुख्य चौक होते हुवे जीडीएम चौक तक निकाली गई। आगे समिति के अध्यक्ष विकाश उर्फ मिथलेश ने कहा कि इस 1932 खतियान संघर्ष समिति के माध्यम से इस आंदोलन को आगे जिला तक ले जाना है और यंहा के युवाओं तथा विद्यार्थियों को आगे आना होगा और 1932 कि खतियान को लागू करवाना होगा, बड़कागाँव से भी आन्दोलन को मजबूती देना होगा,आगे समिति के संरक्षक लेखक विपिन कुमार ने कहा कि झारखंड में बाहरी भाषा नहीं चलेगा हमलोग बिहार यूपी जाते है तो वंहा के स्थानीय भाषा बोला जाता है हमलोगों को वंहा पहच. ानता भी नही है। झारखंड में 1932 के खतियान को हेमन्त सरकार को लागू करना होगा। तभी हम युवाओं को रोजगार मिलेगा,अगर यह मांग पूरा नही होता है तो हमलोग बड़कागाँव से लेकर रांची तक इस समिति के माध्यम से आंदोलन करेंगे और हेमन्त सरकार को कुर्सी छोड़ने पर मजबूर कर देंगे,आगे उन्होंने कहा कि न कोई नेता न कोई पार्टी सबसे आगे झारखंड माटी इस समिति में किसी नेता की आवश्यकता नही है । आगे मीडिया प्रभारी सुरेंद्र राम ने कहा कि जिस प्रकार हेमन्त सरकार चुनाव से पहले जो वादे किए थे उसे सरकार ने एक भी पारित नही किया है ,हेमन्त सरकार ने स्थानीय नीति लागू करने का वादा किया था, युवाओं को रा. ेजगार देने की बात कही थी लेकिन हेमन्त सरकार विफल रही ,ऐसा लगता है कि हेमन्त सरकार पर बाहरियों का कब्जा है। मौके पर उपस्थित लोगों में उपाध्यक्ष राजकिशोर चौधरी, सचिव शशि महतो,उपसचिव बंशीधर पटेल कोषाध्यक्ष सोनू इराकी,उपकोषाध्यक्ष अवधेश कुमार व मिडिया प्रभारी सुरेंद्र राम, सोनू इराकी,अर्जुन महतो,अनुज कुमार,रूपेंद्र कुमार,अमित दास, रवि कुमार,सुनील कुमार,मुकेश प्रजापति, कुंवर प्रजापति, धर्मनाथ कुमार,से राहुल कुमार,व बड़कागाँव प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैंकड़ो युवा छात्र उपस्थित थे।

## भाकपा माले की नीतियों का समर्थन करते हुए कई हुए पार्टी में शामिल।

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज गिरिडीह सदर प्रखंड के पचंबा थाना क्षेत्र स्थित जगमनरायडीह गांव में भाकपा माले की नीतियों का समर्थन करते हुए कई लोगों ने विभिन्न दलों को छोड़कर भाकपा माले में शामिल होने की घोषणा की। शामिल होने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए माले नेता राजेश यादव ने सबों को लाल झंडे तले पार्टी सदस्यता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम की अगुवाई भाकपा माले के गिरिडीह प्रखंड (ग्रामीण) सचिव पप्पू खान, लोकल सचिव मनोज कुमार यादव सहित कमरुद्दीन अंसारी, जब्बार अंसारी आदि ने करते हुए कहा कि, जनता भाकपा माले की तरफ बड़ी उम्मीद के साथ देख रही है, क्योंकि बाकी सभी दलों ने लोगों के साथ धोखा किया है। वहीं, शामिल होने वालों ने भी कहा कि, दूसरी पार्टियां उन्हें सिर्फ वोट का मोहरा बनाकर रखना चाहती हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी नेता राजेश यादव ने कहा कि, मेहनतकश तमाम लोगों को एकजुट होना चाहिए। आज उनका हक मार लिया जा रहा है। गरीबों के राशन से लेकर मनरेगा मजदूरों का काम तक की चोरी हो रही है।कहा कि, केंद्र की मोदी से लेकर झारखंड में हेमंत सोरेन तक की सरकारें मे. हनतकशों के सवालों को तवज्जो नहीं दे रही। अब वक्त आ गया है कि, महेंद्र सिंह के रास्ते झारखंड के नवनिर्माण की लड़ाई शुरू की जाए, तभी हम सही मायने में सिदो-कानों से लेकर बिरसा मुंडा तक के सपनों का राज स्थापित कर सकते हैं। भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, झारखंड 22 साल का होने को है लेकिन आम लोगों के लिए शासन में बहुत कुछ नहीं बदल सका है। आज भी अधिकारियों का राज चलता है, पलायन जारी है, पढ़े लिखे नौजवान सड़कों में धूल फांक रहे हैं, रोजगार का अभाव है, आम लोग किसी तरह कोयला या अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर होकर अपना जीवन बसर कर रहे हैं। लेकिन सरकार ऐसे लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करना छोड़ उन्हें ही खदेड़ने में लगी है। सरकारी स्कूल से लेकर अस्पताल तक की व्यवस्था लचर हालत में है। आम जनता का चौतरफा शोषण हो रहा है। इन सारी समस्याओं का समाधान सिर्फ-और-सिर्फ व्यवस्था परिवर्तन ही है। यही लड़ाई लाल झंडा लड़ रही है। उन्होंने लोगों से जोर-शोर से संगठन का विस्तार और संघर्ष की शुरुआत करने की अपील की। आज पार्टी में शामिल होने तथा बैठक में मौजूद लोगों में मुख्य रूप से मो0 नासिर अंसारी, मो0 अला. उद्दीन अंसारी, पवन कुमार मंडल, बालेश्वर यादव, उमेश यादव, भागीरथ यादव, दिलीप यादव, लालजीत यादव, मो0 शमीम अंसारी, मो0 हदीश अंसारी, नारायण कोल, भुनेश्वर कोल, मो0 इब्रा. हिम अंसारी, हूरो मियां, मो0 मुजाहिद अंसारी, मो0 मिनहाज अंसारी, मो0 सफीक अंसारी, मो0 रिजवान अंसारी, मो0 बबलू अंसारी, मो0 ताज अंसारी, मो0 फिरोज अंसारी आदि थे।

## शोकाकुल परिजनों से मिले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, हर तरह के मदद का दिया आश्वासन

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**





गिरिडीह विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत पूर्वी मंडल के पुरनानागर निवासी फागु तिवारी के पुत्र सुमन तिवारी का शव दो दिन पूर्व कुआँ से बरामद की गई है। ग्रामीणों द्वारा इस बात की आशंका जताई जा रही है कि सुमन तिवारी की हत्या कर उसके शव को कुआँ में डाला गया है। बहरहाल, मामले की पुख्ता जानकारी किसी के पास नहीं है। फागु तिवारी ईंट बनाने का कार्य करते हैं अर्थात आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ईंट बनाकर घर के बाकी लोगों का भरणपोषण करते हैं। ऐसी स्थिति में कमासुत बेटे को खो देना बेहद मर्माहत करने की घटना है। सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव पूर्वी के मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मध्यमंडल के अध्यक्ष अनिल वर्मा के साथ शोकाकुल परिजनों से मिलने पुरनानागर पहुँचे। परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हर तरह की मदद करने का आश्वासन भी परिजनों को दिए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दिवंगत सुमन तिवारी मिलनसार व्यक्तित्व का लड़का था और व्यवहारिक जीवन जीना पसंद करता था। आत्महत्या जैसा कायरतापूर्ण कृत्य नहीं कर सकता है। संभावना जताई जा रही है कि किसी ने उसकी हत्या कर दी है। परिजनों से बात करते हुए श्री साव ने कहा कि मैं जिला प्रशासन से इस घटना की सत्यता की जाँच जल्द से जल्द करे और ग्रामीणों के अनुसार यदि हत्या की गई है तो दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिले।

परिजनों से मिलने के क्रम में पूर्वी मंडल के महामंत्री प्रदीप राय, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आ. ेमप्रकाश मंडल, जिला कार्यसमिति सदस्य राजेश जयसवाल, मनोहर तिवारी समेत दर्ज़नों स्थानीय लोग शामिल थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मटका फोड़ प्रतियोगिता टिकरी में रंजीत- जितेंद्र कु साव व कुम्हरडीहा में मुंद्रिका की टीम ने बाजी मारी।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


मटका फोड़ कार्यक्रम में शामिल लोग।

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत टिकरी टांड व कुम्हरडीहा में मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें टिकरी टांड में रंजीत साव-जितेंद्र कु साव व कुम्हरडीहा में मुंद्रिका सिंह के टीम ने बाजी मारी। टिकरी टांड में शनिवार को होली के दिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका पुरुस्कार वितरण का खर्च प्रभु साव व घनश्याम साव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम कैलाश कुमार के अध्यक्षता व संचालन अनिल राम के द्वारा किया। जिसमें 10 साल के बच्चों व बच्चीयों का कुर्सी रेस व घड़ा फोड का आयोजन किया गया। वहीं महिलाओं के लिए सुई धागा व कुर्सी रेस का कार्यक्रम आयोजन किया गया। वहीं युवाओं के लिए जमीन से 30 फीट ऊपर में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दूसरी प्रयास में रंजीत साव- जितेंद्र कु साव के टीम ने मटका फोड़ कार्यक्रम में बाजी मारी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभु साव, जितेंद्र कुमार साव, घनश्याम साव, कैलाश कुमार, अनिल राम, संजय साव,उगन साव,सोहर साव,मानकी साव, चंद्रिका साव, कपिल कुमार,भेखलाल कुमार, रा. जेश कुमार, परमेश्वर साव, सुरेंद्र साव, रंजीत रविदास, खिरोधर रविदास, नंदलाल रविदास,लाला साव, त्रिवेणी साव,सखी साव,बुलक महतो, बसंती देवी,रेखा देवी, सुनीता देवी,मुनीया देवी इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में धूमधाम से मनाई गई होली विधायक हुई शामिल खूब डांस की।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


होली गीत पर बच्चियों के साथ डांस करते विधायक अंबा प्रसाद

लोग शनिवार सुबह से ही तैयारी में जुट गए थे। सभी के घरों में स्वादिष्ट पकवान के साथ भोजन बनाया गया लोगों ने जमकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया । हिंदू पंच. ांग के अनुसार यह नए वर्ष का आगमन पर लोगों ने खूब अबीर गुलाल लगाएं गिले-शिकवे दूर करते हुए गले मिले और होली का जश्न मनाया। वही बड़कागांव होली को यादगार बनाने के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शनिवार देर शाम तक बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर लोगों के साथ खूब होली खेली । विधायक ने बड़कागांव मध्य पंचायत अंबेडकर मो. हल्ला समेत कई गांव में लड़कियों के द्वारा होली पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर होली गीत पर खूब डांस की और लोगों की उत्साह को बढ़ाया। वही होली त्यौहार को देखते हुए श्मशान घाट सेवा समिति के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों ने बड़कागांव में कई घरों में जाकर लोगों से मिले और होली की शुभकामनाएं दी। होली त्यौहार को देखते हुए प्रखंड मे शांति व्यवस्था को लेकर अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह थाना प्रभारी गौतम कुमार ,अजीत कुमार सिंह, डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, रुस्तम अली के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी ने अपने अपने कार्य क्षेत्र में दिन भर भ्रमण करते नजर आए और विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बना रहे। शांतिपूर्वक संपन्न होने पर प्रशासन ने बड़कागांव वासियों को धन्यवाद दिया है। श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद , शशि कुमार मेहता, बैजनाथ महतो, सुभाष सिंह मनोज कुमार रंजीत कुमार ,उपेंद्र कुमार ,विरेंद्र प्रसाद, कृष्णा राम, धर्मनाथ महतो, कुलेश्वर महतो के अलावा कई लोग घूम घूम कर लोगों को अबीर गुलाल लगाए और होली की शुभकामनाए ।

## सोनपुरा पंचवाहनी कुशवाहा समाज का गठन प्रदीप अध्यक्ष चुने गए।

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित समाज के लोग

प्रखंड के ग्राम सोनपुरा अंतर्गत पंचवाहिनी नीच मोहल्ला में कुशवाहा समाज की बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता वा. सुदेव महतो ने किया बैठक में बेहतर समाज निर्माण एवं उसके संचालन को लेकर सर्व समिति से कमेटी का गठन किया गया। चुनावी प्रक्रिया के तहत पदों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार को चुना गया वही सदस्यों में कृष्ण कुमार, बिरेंद्र कुमार, गणेश कुमार, मदन कुमार, हीरामन महतो, राजनाथ कुमार, जगेश्वर प्रसार, दशरथ मतों का चुनाव किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से लालदेव महतो, गुलेश्वर कुमार, पारसनाथ प्रसाद, सुरेंद्र महतो, हिरन महतो, भुनेश्वर प्रसाद दांगी के अलावा समाज के कई विशिष्ट बुद्धिजीवी लोग उप. स्थित थे।

## कान्हाचट्टी में शांति व सौहार्द पूर्वक मना होली

### दिन भर प्रखण्ड प्रशासान एवं राजपुर पुलिस लगाती रही गश्ती

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




रंगों का त्योहार होली कान्हाचट्टी प्रखंड में शांति व सौहार्द रुप से संपन्न हुआ। होली को शांति व सौहार्द रूप से मनाने को लेकर प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो एवं राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने दिन भर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का दौरा करते नजर आए। होली में प्रखंड वासी एक दूसरे को रंग अबीर एवं गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। जगह-जगह डीजे के धुन पर लोग रंग व गुलाल लगाकर होली के गीत पर थिरकते नजर आए। राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी दोनो ने प्रखंड के जमरी बक्सपुरा,चारु, अरुगड्डा मदगड़ा,कन्हाचट्टी बाजार एवं तुलबुल क्षेत्र का दौरा कर लोगों से मिले एवं रंग व अबीर लगाकर प्रखंड वासियों को होली की बधाई दी है। प्रखंड विकास पदा. धिकारी हुलास महतो ने बताया कि प्रखंड में कहीं भी अप्रिय घटना नहीं घटी है। सभी जगह शांति व सौहार्द से होली संपन्न हुआ। शांति स्वरूप में होली संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन कई दिनों तक प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर शांति समिति की बैठक भी आयोजित करवाई थी। वहीं दूसरी ओर होली में ही मुस्लिम समुदाय का त्यौहार शबेबरात में भी पुलिस गश्ती तेज देखी गई। शबे बरात के दिन मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कब्रिस्तान में जाकर रात भर जगे एवं इबादत भी किए। वहीं होली में समा. जसेवी व भाजपा नेता बिरजू तिवारी ने प्रखंड के कई गांव में जाकर लोगों के साथ होली के गीत पर थिरके एवं अबीर गुलाल लगाकर लोगों को बधाई दिए।

